सुविचार




"शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।"

- नेल्सन मंडेला


www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- भूसा मशीन से निकली चिंगारी, 22 बीघा गेहूं की फसल राख II
- हथकरघा प्रदर्शनी में देश के प्रसिद्ध शूट-साड़ियां III
- एलपीएस की अन्वी व आरएलबी की अक्षरा बनीं टॉपर IV


## शहर में आज



- गोमती नगर स्थित किसान मंडी भवन में कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय द्वारा मेंटॉरशिप कार्यक्रम–11:00 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### 57902 भवन स्वामियों ने जमा किया 16.37 करोड़ रुपये गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत छूट का फायदा लेने भवन स्वामी उमड़ रहे हैं। नगर निगम के कैश काउंटरों पर हाउस टैक्स जमा करने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। एक हफ्ते में ही लगभग 57902 भवन स्वामियों ने आठों जोन में कुल 16 करोड़ 37 लाख रुपये गृहकर जमा कर दिया है। इसमें 6.90 करोड़ रुपये ऑनलाइन और 3.71 करोड़ रुपये कैश जमा हुआ है। इन भवन स्वामियों को नगर निगम ने करीब 1.4 करोड़ रुपये छूट प्रदान की है। लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को जोन 1 कार्यालय के कैश काउंटर पर लोग गृहकर जमा करने के लिए खड़े रहे। दो काउंटर होने के बाद भी गृहकर जमा करने के लिए भीड़ रही।

### गलत बिल की शिकायत का तुरंत समाधान करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव और पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बिल वसूली में लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार हुईबैठक में उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में वसूली का कार्य संतोषजनक नहीं है, वहां के जिम्मेदार अभियंताओं की सूची तैयार की जाए। उन्होंने साफ किया कि जेई, एई, एक्सीएन और एसी की जवाबदेही तय की जाएगी। खराब प्रदर्शन करने वाले अभियंताओं पर कार्रवाई की जाएगी। कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता की ओर से गलत बिल की शिकायत आती है, तो उसका तत्काल समाधान करें। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाएं। नेगेटिव बैलेंस के कारण जिनके कनेक्शन कट गए हैं, उनसे संपर्क कर खाता रिचार्ज के लिए प्रेरित करें। मीटर संबंधी सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें।डॉ. गोयल ने कंट्रोल रूम, मॉनीटरिंग सेल और 1912 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान पर भी जोर दिया, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिल सके।


### बकायेदार को कनेक्शन देने पर जेई निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के बर्लिंग्टन चौराहे के पास निर्माणाधीन इमारत में बकाया होने के बावजूद अस्थायी बिजली कनेक्शन देने पर जूनियर इंजीनियर प्रदीप कुमार मौर्य को निलंबित कर दिया गया है। निर्माण पुंज इन्फ्रा हाइट्स के संचालक पवन अग्रवाल ने 18 किलोवाट के अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। परिसर पर पहले से रहे 13 बिजली संयोजन पर 1.6 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया था। चार बार आवेदन बकाया की आपत्ति लगाकर कनेक्शन निरस्त किए जा चुके थे। इस बार कुछ बकाया जमा कराने का हवाला देकर कनेक्शन के मांगा गया। जेई प्रदीप ने फिजिबिलिटी रिपोर्ट में बकाए की क्वेरी होने के बावजूद कनेक्शन की संस्तुति कर दी। इसके बाद एसडीओ स्तर से कनेक्शन जारी कर दिया गया। शिकायत पर मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने अधिशासी अभियंता अनूप सिंह से रिपोर्ट तलब की गई। अनूप सिंह ने जांच में जेई को दोषी ठहराते हुए निलंबन की संस्तुति की, जिस पर अधीक्षण अभियंता आनन्द प्रकाश वर्मा ने जेई प्रदीप को निलंबित कर दिया। एसडीओ की भूमिका की भी जांच जारी है।

### उपभोक्ताओं ने तीसरे दिन भी घेरा उपकेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्मार्ट मीटर में अधिक बिल से परेशान कांशीराम कॉलोनी के उपभोक्ताओं ने बुधवार को तीसरे दिन भी चिनहट स्थित लौलाई उपकेंद्र का घेराव कर प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर में वास्तविक खपत से अधिक बिल आ रहा है। भुगतान के बावजूद आपूर्ति बाधित रहती है। बुधवार को 55 घरों की बिजली काट दी गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब जनप्रतिनिधियों को समाधान नहीं तो वोट नहीं का भी सामना करना पड़ेगा। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।







नगर निगम सदन की बैठक में शहर में सफाई और कूड़े का ठीक से उठान न होने पर अधिकारियों को घेरती सपा पार्षद ममता चौधरी, कांग्रेस पार्षद मुकेश चौहान, भाजपा पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू और अन्य पार्षद। अमृत विचार

# सफाई पर लड़े लड़ाई, विकास कार्यों पर मुहर लगाई

## नगर निगम सदन की बैठक में जमकर हंगामा, सभी वार्डों में नाली, सड़क, इंटरलाकिंग कराने समेत कई प्रस्ताव पास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम सदन की बैठक में बुधवार को शहर की सफाई, कूड़ा उठान न होने से जनता को हो रही परेशानी पर तो पार्षदों ने लड़ाई लड़ी, लेकिन बाद में सभी 110 वार्डों में 121 करोड़ रुपये से होने वाले विकास कार्यों पर बिना चर्चा ही मुहर लगा दी। इसके साथ ही वार्डों के लिए 1.10 करोड़ रुपये की पार्षद निधि जारी कर दी गई। शेष एक करोड़ बारिश के बाद दी जाएगी। पार्षद निधि से अगले महीने से नाली, सड़क, इंटरलाकिंग सहित पार्कों के विकास कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। इसके अलावा यातायात विभाग को शहर में आठ स्थानों पर गाड़ियां खड़ी करने के लिए होल्डिंग एरिया बनाने के लिए जमीन देने और नई प्रचार नियमावली को लागू करने को भी मंजूरी दे दी गई। करीब पौने दो घंटे में खत्म हो गई।

सदन की बैठक शुरू होते ही पार्षदों ने कूड़ा उठान, सफाई न होने के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी ही नहीं भाजपा के पार्षदों ने भी कहा कि जमीनी स्तर पर कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। हमें जनता को जवाब देना मुश्किल हो रहा है। कार्यदायी संस्थाएं मनमानी कर रही हैं और अधिकारी केवल कागजी खानापूरी कर रहे हैं। पार्षदों का गुस्से देख महापौर भी कुपित हो गईं, उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। महापौर ने नगर निगम में सफाई का काम देख रहीं लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) और लॉयन इनवायरो कंपनी के जिम्मेदारों को सदन में तलब कर लिया। एलएसए के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन और लॉयन एनवायरो पार्षदों के सवालों का कोई जवाब नहीं दे सके। कंपनियों ने बताया कि सफाई कर्मचारी असम चुनाव में वोट डालने गए थे, अब लौट आए हैं। उन्होंने दावा किया अब कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था ठीक हो जाएगी। महापौर ने दो टूक कहा कि जनता की परेशानी को नजरअंदाज करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।



नगर निगम सदन की बैठक के दौरान आसन पर जाकर महापौर सुषमा खर्कवाल से बहस करते भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह। अमृत विचार

### भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह पर भड़कीं महापौर, कहा दिक्कत है तो सदन से चले जाएं

- बैठक शुरू होते ही घरों में सोलर पैनल लगाने पर हाउस टैक्स में छूट पर चर्चा के इसी बीच भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि 'आता न जाता चुनाव चिन्ह छाता'। इस पर महापौर भड़क गईं, उन्होंने पार्षद से कहा कि आपको दिक्कत है तो सदन छोड़कर चले जाइए। पार्षद नागेंद्र की बात पर भाजपा पार्षद मुन्ना मिश्रा ने कहा कि कोई सदन क्यों छोड़कर चला जाए, हम अपनी बात कहेंगे। इसके बाद नागेंद्र ने माफी मांगते हुए कहा कि उन्होंने महापौर को को नहीं, बल्कि सिस्टम को कहा था। एक अन्य भाजपा पार्षद उस वक्त भड़क गए जब नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पीके श्रीवास्तव ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को लेकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने सदन में कहा कि, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी पर्यावरण अभियंता की है। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार के जोन 1 में सुधार की बात पर पार्षदों ने विरोध शुरू कर दिया।

### 75 प्रतिशत स्थानीय कर्मचारी करें भर्ती

सदन में शहर की सफाई व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण को लेकर चर्चा हुई। असम के कर्मचारियों के चुनाव में वोट डालने चले जाने से कूड़ा उठान व्यवस्था पटरी से उतरने पर सदन में चिंता जताते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था की जवाबदेही तय करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे अपनी संस्था में 75 प्रतिशत कर्मचारी लोकल स्तर पर भर्ती करें, जिससे भविष्य में इस प्रकार की समस्या न हो। इसके पहले नगर निगम सदन की बैठक सुबह करीब 9:15 पर शुरू हुई, जो करीब 11 बजे खत्म हो गई। सदन में बोलने का मौका न मिलने का आरोप लगाते हुए भाजपा पार्षद हरिश्चंद्र लोधी, उमेश सनवाल और प्रमोद सिंह राजन सदन से वॉकआउट कर गए। हंगामे के बीच बैठक में कई प्रस्ताव बिना चर्चा के ही पास हो गए। इसके बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने सदन की बैठक समाप्त करने की घोषणा कर दी।

### पार्षदों के सवाल

- पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि कूड़ा उठान न होने पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।
- पार्षद मुन्ना मिश्रा ने कहा कि एलएसए काम नहीं कर पा रही है। इसे ब्लैक लिस्ट किया जाए।
- पार्षद अमित चौधरी ने कहा कि सफाई की व्यवस्था खस्ताहाल है। वीआईपी क्षेत्र में 5 दिन से कूड़ा पड़ा है।
- पार्षद हरिश्चन्द्र लोधी ने कहा कि पहले जो कूड़ा डब्बे में डाला जाता था वह अब सड़क पर पड़ता है।
- पार्षद भृगुनाथ शुक्ला ने कहा कि कूड़ा न उठने पर अगर नोटिस जारी किया तो उसका पूरा जवाब दिखाइए।
- पार्षद राम नरेश रावत ने कहा कि यह सबको पता है कि कूड़ा उठाने वाले असम के लोग हैं। इसके बाद भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई।
- पार्षद प्रमोद सिंह राजन ने कहा कि लॉयन गुजरात के बाद अभी तक नहीं देखा है। आज सदन में देखा जा रहा है।
- पार्षद शिवम उपाध्याय ने कहा कि एक तो कूड़ा नहीं उठा रहा है लगातार क्षेत्र में जल भराव की समस्या है।
- सपा पार्षद ममता रावत ने कहा कि क्षेत्र में 20 नहीं सिर्फ 15 गाड़ी चल रही हैं।
- सपा पार्षद राम नरेश चौरसिया ने कहा कि गाड़ियां टूटी हुई हैं। डीजल नहीं मिल रहा है तो कूड़ा कैसे उठे।
- गुलशन अब्बास ने कहा कि जोन 6 में 22 पार्षद हैं, सबके सामने कूड़ा उठान न होने की समस्या है।
- सौरभ सिंह मोनू ने कहा कि पिंक टॉयलेट की स्थिति बदहाल है। कोई सुनने वाला नहीं है।
- मनीष रस्तोगी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित है।
- अनूप कमल सक्सेना ने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं हो रहा है। इसके कारण समस्या बढ़ गई है।
- कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी ने कहा कि वह आहत हैं मुद्दों पर पर बात नहीं हुई है। केवल सदन हंगामे की भेंट चढ़ जाता है।
- पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सोलर पैनल पर भाजपा की तरफ से छूट देने का दावा किया जा रहा था। यह झूठ है सदन में इसका खुलासा हो गया है।

## अमौसी में शूटिंग रेंज के पास बनेगी टाउनशिप

- दीनदयाल उपाध्याय न्यास ने वापस की जियामऊ की जमीन
- सोलर लगाने वाले मकानों की गृहकर छूट फंसी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अमौसी में शूटिंग रेंज के पास बनेगी नई टाउनशिप, नगर निगम सदन की मंजूरी अमौसी के हड़ाइन खेड़ा में स्थित नगर निगम की शूटिंग रेंज के पास खाली करीब 42 एकड़ जमीन पर नई टाउनशिप विकसित की जाएगी। इसका प्रस्ताव नगर निगम सदन ने बुधवार को पास कर दिया। यह टाउनशिप एलडीए विकसित करेगा जिसके लिए जमीन नगर निगम देगा और इसके बदले एलडीए नगर निगम की बदहाल पड़ी शूटिंग रेंज को संवारने पर आने वाला खर्च उठाएगा। जिस पर करीब 230 करोड़ खर्च होने हैं। इसके बदले में नगर निगम ने जो जमीन एलडीए को टाउनशिप विकसित करने के लिए दी है उसमें होटल भी बनाया जाएगा।

इसके अलावा जियामऊ में नगर निगम ने भाजपा से जुड़े संगठन दीन दयाल उपाध्याय सेवा न्यास को सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए वर्ष 2000 में 90 साल की लीज पर जमीन दी थी। इसके बाद 2020 में संशोधित लीज डीड को मंजूरी दी गई और यहां भाजपा मुख्यालय बनने के चर्चाएं शुरू हुई। अचानक न्यास ने ये जमीन नगर निगम को वापस कर दी। इसका जमीन को वापस लेने और एलडीए को देने का प्रस्ताव पास किया गया। महापौर और नगर आयुक्त ने बताया कि एलडीए इस जमीन का पैसा भी डीएम सर्किल रेट पर नगर निगम को देगा। एलडीए का कहना वह इसका नियोजित विकास करेगा। सोलर लगवाने वाले मकानों को गृहकर में 10 प्रतिशत छूट दिए जाने का मामला फंस गया है। ये लोग नगर निगम पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें छूट नहीं मिल रही है। पिछले सदन की बैठक में छूट का प्रस्ताव पास करके शासन को भेजा गया था लेकिन कोई आदेश जारी नहीं हुआ। नगर निगम अधिनियम में भी गृहकर पर अधिकतम 10 प्रतिशत छूट काप्रावधान है। नगर निगम गृहकर जमा करने पर सभी को 10 प्रतिशत की छूट दे रहा है। भाजपा पार्षद मुन्ना मिश्रा ने सवाल उठाया कि क्या उन भवन स्वामियों को इस समय गृहकर जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी जिनके यहां सोलर लगा होगा।

### अवैध होर्डिंग्स पर लगेगी लगाम

- अवैध होर्डिंग्स पर प्रभावी रोक लगाने के लिए शासन ने उत्तर प्रदेश (नगर निगम, आकाश चिन्ह और विज्ञापनों का विनियमन) नियमावली 2026 बनाई है। इसका गजट नोटिफिकेशन फरवरी में हो चुका है। निगम में अब इसे लागू किया जाएगा। नियमावली को अंगीकृत करने के प्रस्ताव को सदन ने पास कर दिया। नियमावली लागू होने के बाद वही होर्डिंग लगवा सकेगा जिसके पास नगर निगम से जारी प्रचार लाइसेंस होगा। उन होर्डिंगों को भी नगर निगम बिना किसी नोटिस के आपत्तिजनक, भड़काऊ या जानलेवा होर्डिंग्स हटवा सकेगा।




अधिकार मांगने की तख्ती लटका कर सदन में बैठे नामित पार्षद।

### ये प्रस्ताव भी हुए पास

- पार्क रोड का नाम डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी किया जाएगा
- शहीद पथ के किनारे अहिमामऊ में कल्याण मंडप बनाया जाएगा।
- वृद्धाश्रम और महिला छात्रावास के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी
- श्रमिकों की सुविधा के लिए लेबर अड्डे बनेंगे
- स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए 12 ई रिक्शा खरीदे जाएंगे
- पेड़ों की छंटाई व अवैध होर्डिंग हटाने के लिए दो हाइड्रा क्रेन खरीदी जाएगी
- जल निकासी के लिए 19 पंप खरीदे जाएंगे
- कूड़ा उठान के दो इलेक्ट्रिक रोबोट खरीदे जाएंगे

तैयारी

बाड़ों में लगाए जाएंगे कूलर, बाहर लगेंगे स्प्रिंकलर


# गर्मी में चिड़ियाघर में जानवरों को दिए जाएंगे जूस और फल

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** अप्रैल माह मे पड़ रही गर्मी और लू से जानवरों को बचाने के लिए चिड़ियाघर प्रशासन ने वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में जानवरों के बाड़े, पिंजडों मे कूलर,चटाई और फव्वारें लगाने का काम जोरों से चल रहा है। इसके साथ ही जानवरो को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए जूस और फल देने के साथ मौसमी सब्जियां भी दी जा रही है। वहीं हिरन के बाड़े मे लगा स्प्रिंकलर के काम ना करने से हिरन गर्मी को झेलने को मजबूर है।ऐसें मे चिड़िय़ाघर प्रशासन की ओर से जानवरो को गर्मी से बचाने के लिये किये गये इंतजाम सवाल खड़ा कर रहे है।

चिडियाघर प्रबंधन के अनुसार गर्मी मे जानवरों को बचाने के लिए चिड़ियाघर प्रशासन ने इंतजाम शुरु कर दिया है। जिसमें चिड़ियों के बाड़े मे चटाई लगाई जाने के साथ उनको हर समय तर भी किया जा रहा है। इसके अलावा शेर,बाघ और चीता के बाड़े मे कूलर को लगाने का काम किया जा रहा है। साथ ही इनके हौज मे पानी भरवाने के साथ दरियाई घोडा के हौज मे भी रोज ताजा पानी भरवाया जा रहा है। जिससे गर्मी मे वे खुद को ठंडा रखने के साथ पानी की कोई समस्या ना खड़ी हो। प्रशासन की ओर से किये गये ये इंतजाम कितने कारगर होंगे और जानवर गर्मी से बचे रहेंगे। गर्मी को देखते हुए जानवरों को अंडा और गरम तासीर वाली चीजों को देना बंद करने के साथ उनकी खुराक मे बदलाव किया जा रहा है। अब उनकी खुराक में फल, जूस और सब्जियों की मात्रा को बढ़ा दिया गया है। जानवरों को अब खीरा,ककड़ी,तरबूज,अंगूर और केला प्रचुर मात्रा मे दिया जा रहा है। इससे जानवरों डिहाइड्रेशन से तो बचेंगे ही उनके अंदर हर समय स्फूर्ति बनी रहेगी। चिड़ियाघर के निदेशक दिनेश कुमार बिश्वाल ने बताया कि बढ़ते पारे के बीच जानवरों को गर्मियों से बचाने के लिए कूलर, चटाई और स्प्रिंकलर को लगाने का काम किया जा रहा है। यह काम जल्द ही यह काम पूरा कर जाएगा।





चिड़ियाघर में धूप से बचने के लिए पाइप के बीच बैठा चीतल और पानी में नहाता कबूतर। अमृत विचार



तेज धूप से बचने के लिए खुद और बच्चे को दुपट्टे से ढककर जाती महिला। अमृत विचार

# भूसा मशीन से निकली चिंगारी, 22 बीघा गेहूं की फसल राख

## सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत कर आग पर पाया काबू, भटवारा गांव पहुंचकर एसडीएम ने लिया जायजा

- आग लगते ही गांव में मची अफरा-तफरी
- एसडीएम ने प्रभावित किसानों को मुआवजे का दिया आश्वासन


संवाददाता, गोसाईंगंज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के विकासखंड भटवारा गांव में बुधवार को भूसा बनाने के दौरान मशीन से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गयी। तेज पछुआ हवाओं के चलते आग तेजी से फैल गयी। आग से करीब 22 बीघा गेहूं की फसल चपेट में आ गयी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

भटवारा गांव के किसान खेत में भूसा तैयार कर रहे थे। इसी दौरान मशीन से चिंगारी निकली और सूखे गेहूं के खेत में आग भड़क उठी। आग की लपटों से मेवालाल, मिश्रीलाल, रामेश्वर, गुड्डू, रामसागर, रामस्वरूप, रामसिंह, बाबादीन, रामचंद्र, नौमीलाल, संजय समेत कई अन्य किसानों की लगभग 22 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बाल्टियां, पाइप और ट्यूबवेल का पानी लेकर आग बुझाने की कोशिश की। इसी बीच दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल ने स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने प्रभावित किसानों को उचित मुआवजे का आश्वासन दिया।



मौके पर पहुंचकर नुकसान की जानकारी लेते एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल। अमृत विचार



जंगल में लगी आग। अमृत विचार

### जंगल में आग लगने से मचा हड़कंप

**अमृत विचार, काकोरी:** पुराने पारा थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम को शारदा नहर किनारे स्थित जंगल में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पारा पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग सूखे पत्तों में लगी थी, जो तेजी से फैल गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में आग, हुए धमाके

- दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से पाया गया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना के पावर हाउस चौराहा स्थित विवेक प्लाजा के तीसरे तल पर संचालित मोती महल डीलक्स रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। काले धुएं के गुबार से मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। एसी का कंप्रेशर फटने और तेज धमाके से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। धुआं देख कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पांच दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आने से बैंक्वेट का फर्नीचर व किचन जलकर बर्बाद हो गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल ने बताया कि विवेक प्लाजा में तीसरी मंजिल पर मोती महल रेस्टोरेंट का बैंक्वेट हॉल है। मैनेजर अरविंद सिंह ने बताया कि रेस्टोरेंट के मालिक शैलेन्द्र यादव हैं। कुछ माह पूर्व ही करीब दो करोड़ की लागत से रेस्टोरेंट का रीकंट्रक्शन कराया गया था। सुबह लगभग 10 बजे कर्मचारी काम करने पहुंचे तो बैंक्वेट से धुआं उठ रहा था। कर्मचारी भागकर तीसरे तल पर पहुंचे तो धुएं के साथ तेज लपटें उठ रही थीं।

करीब 11 बजे कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही आलमबाग एफएसओ धर्मपाल सिंह दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने तीन तरफ से हौज पाइप की मदद से आग बुझाना शुरू किया।। इसके बाद हजरतगंज, पीजीआई और इंदिरानगर फायर स्टेशन से तीन अन्य गाड़ियां बुलाई गईं। पांच गाड़ियों की मदद से अलग-अलग टीमों ने एक घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग से बैंक्वेट हॉल और रसोई का काफी सामान जल गया है।



आग बुझाने पहुंचे दमकलकर्मी। अमृत विचार



खिडकी का शीशा तोड़ते दमकलकर्मी।

### खिड़कियों का शीशा तोड़कर निकाला धुआं

सीएफओ ने बताया कि आग लगने से इमारत में पूरी तरह धुआं भर गया था। यह देख दमकल टीम ने पहले खिड़कियों के कांच तोड़कर धुआं निकाला। लपटों से बगल में बने गीतांजलि शोरूम के बाहर लगे पीवीसी पैनल और एसी आउटडोर यूनिट भी जल गए। बताया जा रहा है कि इनमें धमाके भी हुए, लेकिन दमकल टीम ने पुष्टि नहीं की है। मैनेजर अरविंद सिंह ने बताया कि बुधवार शाम को बैंक्वेट में पार्टी बुकिंग थी लेकिन अब निरस्त करना पड़ रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### बाइक सवार बदमाशों ने वृद्धा की लूटी चेन

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाइकर्स गैंग लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। नाका के मोतीनगर स्थित कायमखेड़ा निवासी 68 वर्षीय मालती देवी घर के बाहर दुकान लगाती हैं। 13 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वह दुकान पर बैठी थी। इसी बीच एक युवक दुकान पर आया और कोल्ड ड्रिंक मांगी। उसके बाद सिक्का दिखाते हुए पूछा कि क्या यह चलेगा। इस पर मालती उसके हाथ की तरफ झुककर देखने लगी। तभी बदमाश ने झपट्टा मारकर उनकी चेन छीन ली। मालती ने शोर मचाया तो बदमाश ऐशबाग ब्रिज की तरफ भागा। उसके बाद बाइक सवार साथी संग फरार हो गया। चींखपुकार सुनकर राहगीर व आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। पीड़िता ने परिजन को घटना की जानकारी दी। मालती ने लूटी की सूचना कंट्रोल रूम पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता मालती ने चेन छीनने वाले बदमाश का हुलिया पुलिस को बताया है। छानबीन कर नाका पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला की चेन लूटने वाले दो नाबालिग धरे गए

**अमृत विचार, लखनऊ:** जनेश्वर मिश्र रेलवे ब्रिज के पास बाइक सवार बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की चेन लूट ली। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, विकासखंड-5 निवासी 48 वर्षीय मल्लिका पारूई मंगलवार तड़के करीब सवा पांच बजे वॉक पर जा रही थीं। जनेश्वर मिश्र गेट नंबर-2 स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर चेन खींच ली। झटका लगने पर वह गिरते-गिरते बचीं। घबराई मल्लिका ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई, जिसके बाद डायल-112 पर सूचना दी गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर करीब तीन किमी क्षेत्र के 130 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर दो आरोपियों को रेलवे ओवरक्रॉसिंग से जनेश्वर मिश्रा पार्क मार्ग पर दबोच लिया गया। दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### तीन स्कूटी चुराने वाले किशोर पकड़े गए

**अमृत विचार, लखनऊ:** पलक झपकते ही स्कूटी चोरी करने वाले तीन किशोरों को विकासनगर पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की तीन स्कूटी बरामद की है। एसओ आलोक सिंह ने बताया कि 7 अप्रैल से 14 अप्रैल की बीच थाना क्षेत्र में घरों के बाहर से स्कूटी चोरी की तीन वारदात हुई। रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए तो तीन किशोर कैद मिले। फुटेज की मदद से पुलिस ने पहचान कर तीनों को पकड़कर गाड़ियां बरामद कर ली। पुलिस ने तीनों को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

### विकासनगर में गैंगस्टर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** गैंगस्टर एक्ट में फरार आरोपी को विकासनगर पुलिस ने हरदोई रोड स्थित अल कबीर लॉन के पास से गिरफ्तार कर लिया है। एसओ आलोक सिंह ने बताया कि आरोपी सोनेंद्र सिंह उन्नाव के औरास स्थित कटरा तरौना का रहने वाला है। 17 मार्च को विकासनगर थाने में एसओ आलोक सिंह ने सुशील कुमार मिश्रा, सोनेंद्र सिंह समेत गिरोह के 14 आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मामले की जांच इंस्पेक्टर गाजीपुर कर रहे थे। एसओ ने बताया कि गिरोह ने एक डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

### गैंगस्टर की 5.78 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहनलालगंज व नगराम पुलिस की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी जालसाज बिल्डर भाइयों व उनके साथियों की 5 .78 करोड़ रुपये की संपत्ति बुधवार को कुर्क कर दी। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रियल एस्टेट कंपनी एचके इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विनोद उपाध्याय व उनके भाई प्रमोद उपाध्याय ने मोहनलालगंज के कान्हा उपवन में प्लॉट बेचने का लालच देकर दर्जनों लोगों को प्लॉट बेचे थे। प्लॉट खरीदने वालों को कब्जे नहीं मिले। जिस पर दोनों भाइयों पर जालसाजी सहित अन्य मामलों को लेकर मोहनलालगंज व आशियाना थाने में करीब 66 मामले दर्ज हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजने के बाद गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। जेसीपी कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार की कोर्ट में सुनवाई कर 6 अप्रैल को आरोपियों की सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद नगराम व मोहनलालगंज पुलिस ने संपत्ति को चिन्हित किया। उसके बाद 5 .78 करोड़ की संपत्ति को कुर्क कर दिया गया।

# कार और बुलेट चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चार पहिया व दो पहिया गाड़ी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गुडंबा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की एक कार, बुलेट व एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस को व्हाट्सएप पर गाड़ियों को बेचने व ठिकाने लगाने की चैट मिली है।

एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को बसहा स्थित अटल विहार कॉलोनी में रामकुमार जायसवाल के घर के बाहर से उनकी टाटा इंडिगो कार चोरी हो गयी थी। गुडंबा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन शुरु की। पड़ताल के दौरान पुलिस ने बुधवार को आरोपी अनुराग यादव निवासी चेतनपुरवा गुडंबा को गिरफ्तार कर कार आधार खेड़ा जंगल से बरामद कर ली। कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल चेक किया तो व्हाट्सएप पर साथी रवि वर्मा, संग्राम रावत व फुरकान से कार बेचने की चैट मिली।

पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर रवि वर्मा निवासी लहरपुर सीतापुर को सहारा स्टेट के पास से गिरफ्तार कर किराए के मकान से बुलेट बरामद कर ली। छानबीन में पता चला कि बुलेट महिगवां थाना क्षेत्र से चोरी की गयी थी। पुलिस संग्राम रावत व फुरकान की तलाश में दबिशें दे रही हैं।

# महिला का लटका मिला शव मायके वालों ने किया हंगामा

- पति बोला, छह साल बाद भी संतान न होने पर दी जान
- मायकेवालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए दी तहरीर, पुलिस ने शुरू की जांच



संवाददाता, निगोहां

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नंदौली गांव में मंगलवार देर रात एक महिला का शव घर के बरामदे में साड़ी के सहारे लटका मिला। घटना के बाद मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, जबकि ससुराल पक्ष ने संतान न होने के चलते आत्महत्या की बात कही है। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

नंदौली निवासी 25 वर्षीय रूबी मंगलवार रात साड़ी से लटकी मिली। देर रात करीब एक बजे परिजनों ने शव लटका देखा तो डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की जांच में पता चला कि पति सूरज मंगलवार शाम करीब पांच बजे पड़ोसी गांव जमोरिया में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में लकड़ी काटने गया था। रात करीब साढ़े नौ बजे उसने फोन पर पत्नी से बात कर खाना खाने के बारे में पूछा और दो घंटे में लौटने की बात कही थी।

रात करीब एक बजे घर लौटने पर सूरज ने पत्नी का शव बरामदे में लगे पंखे से लटका देखा। ससुराल पक्ष के अनुसार, रूबी का विवाह करीब छह वर्ष पहले हुआ था और संतान न होने के कारण वह मानसिक तनाव में रहती थी। दंपति का इलाज भी चल रहा था। उधर, सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने घटनास्थल पर टूटी चूड़ियां मिलने और हालात संदिग्ध होने का हवाला देते हुए हत्या की आशंका जताई। उनका आरोप है कि फंदा लगाने से पहले रूबी के साथ मारपीट की गई। इस संबंध में मायके पक्ष ने निगोहां पुलिस को तहरीर दी है। एसओ अनुज तिवारी के अनुसार, प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

# किशोरी का किया यौन शोषण, हुई गर्भवती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर में दूर के रिश्तेदार ने किशोरी से दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर पीड़िता व परिजन ने आरोपी से बात की तो उन्होंने धमकाया। गोमतीनगर पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि निशातगंज निवासी 17 वर्षीय किशोरी के दूर के रिश्तेदार गोमतीनगर के बड़ी जुगौली में रहते हैं। दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना है। पीड़िता ने बताया कि नवंबर 2025 में वह गोमतीनगर स्थित रिश्तेदार के घर आयी थी। वहां पीड़िता को अकेली देख आरोपी मोहित निषाद ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर शांत करा दिया।

कुछ दिनों पहले किशोरी की तबीयत खराब हुई। परिजन ने डॉक्टरों को दिखाया तो पता चला कि वह गर्भवती है। मां ने बेटी से बात की तो उसने मोहित के बारे में बताया। पीड़ित परिजन ने आरोपी व उसके घरवालों से शिकायत की तो उन लोगों ने धमकाया। बेटी को लेकर परिजन 14 अप्रैल को गोमतीनगर थाने पहुंचे। पुलिस ने मां की तहरीर पर दुष्कर्म, गाली-गलौज, धमकी व पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की। उपनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार देर रात रेलवे क्रासिंग जुगौली के पास से आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर लिया गया।




ज्वैलर्स की दुकान पर जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# दिनदहाड़े दुकान से लाखों के जेवर चोरी

- कृष्णानगर क्षेत्र की घटना, सवा मिनट में हुई वारदात

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार :** कृष्णानगर के यातायात पार्क इलाके में बुधवार को दिनदहाड़े ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर चोर ने करीब चार लाख रुपये के जेवर पार कर दिए। महज सवा मिनट में वारदात को अंजाम देकर बदमाश पैदल ही फरार हो गया। आरोपी की करतूत पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना पर एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ आरोपी।

मूल रूप से उन्नाव के पुरवा निवासी सर्राफा व्यवसायी राम मिलन यादव परिवार के साथ कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा में रहते हैं। वह बेटे अन्नी के नाम से यातायात पार्क, नारायण पुरी में करीब सात साल से आभूषण की दुकान चला रहे हैं। बुधवार दोपहर बेटा अन्नी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान एक युवक ग्राहक बनकर आया, जेवर देखे और राम मिलन के बारे में पूछताछ कर कुछ देर बाद आने की बात कहकर चला गया।

करीब 2:02 बजे राम मिलन और अन्नी दुकान बंद कर स्कूटी से घर खाना खाने चले गए। उनके जाने के करीब 15 सेकेंड बाद वही युवक लौट आया। उसने शीशे के दरवाजे का लॉक खोलकर अंदर प्रवेश किया और डिब्बों में रखे सोने-चांदी के करीब चार लाख रुपये के जेवर झोले में भरकर फरार हो गया।

कुछ देर बाद जब पिता-पुत्र लौटे तो दुकान का लॉक खुला मिला और जेवर गायब थे। राम मिलन ने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। बाद में एसीपी कृष्णानगर ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी की पूरी हरकत कैद मिली। एसीपी के अनुसार, राम मिलन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और शुरुआती जांच में आरोपी के स्थानीय होने की आशंका जताई जा रही है।

जालसाजी

व्यवसाय के लिए पीड़िता ने दो भाइयों से किया था संपर्क

# कॉम्प्लेक्स में दुकान दिलाने के नाम पर 55 .42 लाख ठगे

- रजिस्ट्री के नाम पर टालमटोल, रकम मांगी तो दी धमकी
- एडीसीपी साउथ के आदेश पर पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रायबरेली रोड स्थित वृंदावन योजना में कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में दुकान दिलाने के नाम पर महिला से 55.42 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़िता ने व्यवसाय शुरू करने के लिए दुकान खरीदने के उद्देश्य से दो भाइयों से संपर्क किया था। आरोप है कि सौदा तय कर आरोपियों ने किस्तों में बड़ी रकम ले ली, लेकिन न रजिस्ट्री कराई और न ही कब्जा दिया। रुपये वापस मांगने पर धमकाया गया। एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेलीबाग, वृंदावन योजना निवासी मुकेश जैन ने बताया कि वर्ष 2019 में बेटे के इंटर करने के बाद परिवार ने व्यवसाय शुरू करने के लिए दुकान तलाशनी शुरू की। इसी दौरान पति अशोक के साथ उन्होंने वृंदावन योजना स्थित एक कॉमर्शियल प्लॉट पर दुकान खरीदने के लिए संतोष पाठक और उसके भाई त्रिवेंद्र पाठक निवासी रजनीखंड से संपर्क किया। आरोप है




कि फर्स्ट स्क्वायर इंफ्राजोन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से छह माह में दुकान देने का वादा कर करीब 12.82 लाख रुपये ले लिए गए।

समय बीतने पर निर्माण और रजिस्ट्री नहीं हुई। पीड़िता के अनुसार, बाद में दूसरी दुकान के नाम पर करीब 12.60 लाख रुपये और वसूले गए। इसके बावजूद काम पूरा नहीं हुआ। वर्ष 2023 में शॉप नंबर-2 के नाम पर भी करीब 30 लाख रुपये ले लिए गए। इस तरह कुल 55.42 लाख रुपये देने के बाद भी उन्हें दुकान का मालिकाना हक नहीं मिला।

जांच में सामने आया कि संबंधित कॉम्प्लेक्स का निर्माण वर्षों से अधूरा है और आवास विकास परिषद को भुगतान भी लंबित है, जिससे प्रॉपर्टी नीलामी की कगार पर बताई जा रही है। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने धमकाया। शिकायत पर जांच में आरोप सही मिलने के बाद पीजीआई पुलिस ने संतोष पाठक और त्रिवेंद्र पाठक के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पारिवारिक विवाद में बढ़ई ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अमृत विचार, काकोरी:** दुबग्गा के छंदोईया खेड़ा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते बढ़ई ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि संतोष कश्यप (38) बढ़ई का काम करता था। पत्नी गीता कश्यप ने बुधवार सुबह करीब 10:05 बजे सूचना दी कि मंगलवार देर रात संतोष ने घर की छत पर लगे टिन शेड के पाइप में रस्सी बांधकर फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह जब परिजन ने शव लटका देखा। सूचना मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिवार में पत्नी, दो बेटियां व एक बेटा है।

# नशे में दौड़ाई कार, मंदिर में मारी टक्कर

- मंदिर की मूर्तियां और दीवारें क्षतिग्रस्त

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** आशियाना क्षेत्र के पकरी पुल चौराहे पर स्थित करीब चार दशक पुराना प्राचीनतम ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे बेकाबू स्कॉपियो कार मंदिर में जा घुसी। रफ्तार अधिक होने से मंदिर के दीवारों एवं लोहे के चैनल के साथ ही शिवलिंग और अन्य मूर्तियां क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। सेवादारों ने पुलिस को सूचना देते हुए नशे में धुत चालक को पकड़ लिया।

मंदिर के सेवादार सेक्टर-आई निवासी हर्षदत्त सूद ने बताया कि काली स्कॉर्पियो से मंदिर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उनका कहना है कि हाल ही में मंदिर का जीर्णोद्वार कराया गया था। घटना के समय चालक पूरी तरह से नशे में चूर था। पकड़ने पर वह गाली-गलौज कर अभद्रता करने ल गा। घटना की सूचना मिलते ही आशियाना पुलिस मौके पर पहुंची। एलडीए चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि मंदिर के सेवादारों की सूचना पर चालक आशुतोष सिंह निवासी कैलाशपुरी आलमबाग को कोतवाली लाया गया था। मंदिर के सेवादारों और आरोपी चालक के बीच लिखित समझौता हो गया कि वह मंदिर की क्षतिपूर्ति करेगा जिसके पश्चात चालक का मेडिकल परीक्षण कराए जाने के बाद छोड़ दिया गया है।

# हथकरघा प्रदर्शनी में कलात्मक सूट और साड़ियां

## 11 मई तक चलने वाली प्रदर्शनी केंद्रीय संस्कृत विवि में शुरू, आर्टीफिशियल ज्वेलरी और सजावटी आइटम के स्टाल भी लगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अवध हथकरघा हस्तशिल्प एवं ग्रामोद्योग समिति की ओर से बुधवार को गोमतीनगर स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में पारंपरिक भारतीय हथकरघा वस्त्रों की प्रदर्शनी शुरू हो गई। इसका उद्घाटन भाजपा नेता नीरज सिंह ने किया। 11 मई तक चलने वाली इस प्रदर्शन का केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास योजना व राज्य सरकार की ओडीओपी योजनाओं के तहत किया गया है।

प्रदर्शनी में फैशन के अनुरूप और पारंपरिक व कलात्मक कपड़ों का प्रदर्शन किया जा रहा है। एक ही छत के नीचे देश के विभिन्न हिस्सों के हथकरघा और हाथ से बने पारंपरिक कपड़ों मिलेंगे। इनमें बनारस के मरसराइज, सेमी सिल्क जामदानी के कपड़े, मध्यप्रदेश से हल्की वजनी चन्देरी, महेश्वरी प्रिन्ट कपड़े, बिहार के कोसा कोरा व भागलपुरी सिल्क व काटन, राजस्थान के राजपुताना ठाठ बाट वाली पारंपरिक ठप्पा छपाई व कोटा डोरिया व बंधेज के कपड़ों के स्टाल लगे हैं।

इसके अलावा गुजरात के तटीय क्षेत्र कच्छ व भुज पारंपरिक छपाई व बंजारा कढ़ाई एवं बांधनी के कपड़े, पंजाब की पटियाला शलवार व शेरवानी पर फुलकारी व सिन्धी कढ़ाई, जम्मू-कश्मीर के चिनार की पत्ती व घाटी के फूलों से सजी हाथ की कढ़ाई के कपड़े, पश्चिम बंगाल के तांत व कांथा, बालूचरी व भावलू, तनछुई जामदानी की साड़ियां, उड़ीसा के पारंपरिक मंदिर बार्डर वाली सम्भलपुरी इक्कत के कपड़े, आन्ध्र प्रदेश की उप्पाड़ा व प्राकृतिक रंगों से बनी कलमकारी व जरी बार्डर वाली मंगलगिरि व बिराला के कपड़े, कर्नाटक रॉ सिल्क एवं हुबली, बेलगाम की साड़ियां, तमिलनाडु की मदुरई व सेलम व काजीवरम् साड़ियां, असम की सेमी मूगा व सिल्क की साड़ियां तथा अनेक प्रकार की आर्टीफिशियल ज्वेलरी व सजावटी आइटम के स्टाल भी लगाए गए हैं।


केंद्रीय संस्कृत विवि लगी हथकरघा हस्तशिल्प और ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में एक स्टॉल पर हस्तशिल्प देखतीं युवतियां। अमृत विचार

### सिटी ब्रीफ

### नोएडा घटना के लिए सरकार जिम्मेदार: पांडेय

**अमृत विचार, लखनऊ:** नोएडा घटना पर हिंद मजदूर सभा के प्रदेश मंत्री अविनाश पांडेय ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के लिए मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री जिम्मेदार हैं। आरोप लगाया कि निर्माण मजदूरों के कल्याण के लिए बने कानूनों और सेस के धन का सही उपयोग करने के बजाय सरकार ने केवल प्रचार पर जोर दिया। बार-बार की मांग के बावजूद वेतन पुनरीक्षण समिति का समय पर गठन नहीं किया गया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के नाम पर मजदूरों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। केवल नोएडा क्षेत्र में आंशिक वेतन वृद्धि अन्य क्षेत्रों में असंतोष को बढ़ावा देगा। पूरे प्रदेश के मजदूरों को राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार से माफी मांगने, श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन, मजदूरों के साथ संवाद स्थापित कर स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

### छोटे छेद के जरिए होने लगी हार्ट सर्जरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में छोटे छेद के जरिए हार्ट सर्जरी करना सुलभ हो गया है। हार्ट सर्जन डॉ. राहुल भूषण और उनकी टीम ने केवल छोटे छिद्रों और हाई-डेफिनिशन कैमरों की मदद से दिल की जन्मजात बीमारियों के कई सफल ऑपरेशन किए हैं। इस तकनीक में मरीज न सिर्फ तेजी से ठीक हो रहे हैं, बल्कि उन्हें अस्पताल से बहुत जल्दी छुट्टी भी मिल रही है। कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. राहुल ने बताया कि दिल में जन्मजात छेद को ठीक करने के लिए एंडोस्कोपिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। उप्र. में पहली बार एंडोस्कोपिक कार्डियक सर्जरी लगातार की गई है।

# वरुण विहार आवासीय योजना को शहर से जोड़ेगी एलिवेटेड रोड

## एलडीए उपाध्यक्ष ने रोड का प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आगरा एक्सप्रेस-वे पर 2664 हेक्टेयर में प्रस्तावित एलडीए की अब तक की सबसे बड़ी वरुण विहार आवासीय योजना शहर से कनेक्ट होगी। इसके लिए हैदर कैनाल के समानांतर लगभग 11 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनेगा। जिस पर हजरतगंज से वरुण विहार का सफर 20 मिनट में पूरा होगा, अभी 50 मिनट लगते हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को योजना का निरीक्षण करके एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जून से योजना लांच करके कैलाश खंड एवं काशी खंड में 2100 भूखंडों का पंजीकरण खोला जाएगा। दोनों सेक्टर व आसपास के क्षेत्र में ले-आउट के अनुसार 60 मीटर, 45 मीटर व 24 मीटर चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए जल्द टेंडर कराने के निर्देश दिए हैं।

सदर व सरोजनी नगर तहसील के ग्राम भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा एवं दोना की भूमि किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जा रही है। उपाध्यक्ष ने दोना गांव में अस्थायी साइट ऑफिस में कैम्प करके अर्जन कार्रवाई की समीक्षा की। प्रभारी अधिकारी-अर्जन विराग करवरिया ने अवगत कराया कि अभी तक 853 हेक्टेयर भूमि के सहमति पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें से 335 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में हो चुका है। उपाध्यक्ष ने सेक्टर वार विवरण तैयार करने के निर्देश दिये। इससे नक्शे में यह स्पष्ट हो सके कि किस सेक्टर में कितनी भूमि खरीदी जा चुकी है और कितनी भूमि के सहमति पत्र मिले हैं।


आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित दोना गांव में वरुण विहार योजना की जानकारी लेते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

### अनंत नगर योजना को जोड़ने के लिए किसान पथ तक चौड़ी की जाएगी सड़क

- अनंत नगर योजना की कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए नादरगंज से टीएस मिश्र विद्यालय, मोहान रोड होते हुए किसान पथ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य होगा। निविदा की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उपाध्यक्ष ने निरीक्षण करके जोनल अधिकारी को निर्देश दिये कि मार्ग पर स्थित सभी अवैध निर्माणों के खिलाफ नोटिस जारी करके ध्वस्त करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

### 30 तक बढ़ा ऐशबाग स्क्वायर का पंजीयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ऐशबाग स्क्वायर में फ्लैटों का पंजीयन 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। इस रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में लगभग 1900 वर्गफिट के 3 बीएचके एवं सर्वेंट श्रेणी के कुल 384 फ्लैट निर्मित किए जाएंगे। फ्लैटों की कीमत 1.11 करोड़ रुपये से शुरू होगी। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि पंजीयन 15 अप्रैल तक खोला गया था। जो लोगों की मांग को देखते हुए बढ़ा दिया है। पंजीकरण सिर्फ एलडीए की वेबसाइट से करने हैं। फ्लैट के अनुमानित मूल्य की 5 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी है, ये आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत है। 17,910 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले ऐशबाग स्क्वायर में कुल 4 टावर बनेंगे। प्रत्येक टावर 27 मंजिल का होगा। प्रोजेक्ट तीन वर्ष में पूरा होगा और पांच वर्ष के भीतर आवंटियों को फ्लैट का कब्जा मिलेगा। फ्लैटों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से करेंगे। पंजीकरण कराने वाले आवेदकों को आवंटन के पश्चात 36 महीने की किश्तों में पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी।

# फेस्टिवल में पहले दिन 10 फिल्मों की स्क्रीनिंग

## अवार्ड समारोह आज, डॉ. विद्या बिंदु सिंह को मिलेगा अटल बिहारी वाजपेयी अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दो दिवसीय लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल बुधवार को सहारागंज के पीवीआर सिनेमा में शुरू हो गया। पहले दिन ज्यूरी से चयनित 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गई। सुबह 10 बजे स्क्रीनिंग का सिलसिला रात तक चलता रहा। पार्श्व गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि भी दी गई।

इसके पहले फिल्म अभिनेता और वरिष्ठ रंगकर्मी पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी और फेस्टिवल के संस्थापक फिल्म निर्माता निर्देशक अयूब खान ने फेस्टिवल का उदघाटन किया। जसवंत सिंह झज्ज निर्मित और अमरदीप सिंह गिल निर्देशित फिल्म पानी द वॉटर, आशा सकलानी निर्मित व देबू रावत निर्देशित फिल्म निखान्या जोग, ओमकार राउत निर्मित और जतिंदर सैराज निर्देशित मिशन परफॉरमेंस, आतिश कुमार राउत निर्मित और सबिता निर्देशित फिल्म आरव और चरणपाल सिंह की लॉर्ड्स सिग्नल का प्रदर्शन किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म कलाकारों, निर्माता, निर्देशक और तकनीकी विशेषज्ञ ने दर्शकों के साथ सिनेमाई बारीकियों पर चर्चा की। आयोजक अयूब ने बताया कि यह फेस्टिवल विश्व सिनेमा और स्थानीय प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करने का एक निरंतर प्रयास है।

उन्होंने बताया कि अब यह फेस्टिवल प्रति वर्ष आयोजित किया जायेगा। गुरुवार को शाम को 7 बजे से अवार्ड समारोह होगा। इसमें राहुल रवैल, विशाल भारद्वाज, पूनम ढिल्लों, रवि किशन, राजपाल यादव, जूही चतुर्वेदी और मनोज मुंतशिर को अवार्ड दिए जाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी अवार्ड पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह को दिया जाएगा।


लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन करते पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी, अयूब खान और अन्य। अमृत विचार

# बसंतकुंज के 20 एकड़ में बनेगा सिटी फॉरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कच्चा निर्माण करके मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे पौधे

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ग्राम घैला स्थित बसंतकुंज योजना के 20 एकड़ में सिटी फॉरेस्ट बनाएगा। यह पार्क राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास और गोमती नदी के पीछे की तरफ बनेगा। शहर के बाहर यह अनोखा पार्क जंगल की तरह कच्चा निर्माण करके विकसित किया जाएगा। पार्क में फल, छाया, फूल, जंगली व ऑक्सीजन देने वाले एक लाख से अधिक पौधे मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे।

सिटी फॉरेस्ट विकसित करने में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च आएगा। एलडीए ने कार्ययोजना बनाकर टेंडर जारी कर दिया है। एक साल में पार्क तैयार हो जाएगा। पार्क में घूमने के लिए कच्चा पाथवे बनेगा। जंगली पेड़-पौधों सुंदरता बढ़ाएंगे। चार-चार मीटर दूरी पर एक थीम व रंग के पेड़-पौधे लगेंगे, जो लोगों को आकर्षित करेंगे। पार्क में घूमने के लिए पाथ-वे भी जंगल की तरह कच्चा बनेगा। पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग की जाएगी। पार्क में बेंच, लाइट, फव्वारा, कैंटीन, शौचालय, पार्किंग आदि सुविधाएं रहेंगी। एलडीए की सबसे बड़ी बसंतकुंज योजना में रहने वाले लोग भी पार्क का लुत्फ उठाएंगे। प्रेरणा स्थल घूमने आए लोगों को भी सिटी फॉरेस्ट अपनी तरफ आकर्षित करेगा। ये पार्क वर्ष 2019 में बनना था लेकिन, प्रोजेक्ट कैंसिल हो गया था।

### इन पेड़-पौधों से होगा गुलजार

- पार्क में मुख्य रूप से पीपल, नीम, बरगद, पाकड़, पिलकर, शीशम, महुआ, अमलताश, कचनार, गुलमोहर, अमरूद, आम के अलावा स्पैथोडिया, टबेबुइया, लार्जेस्ट्रोमिया अमलतास, नीली गुलमोहर आदि पौधे पेड़-पौधे लगेंगे। नदी किनारे हिस्से में जामुन, अर्जुन, पनिया, केन आदि प्रजाति के पौधे लगेंगे। यह पौधे नदी की धारा बढ़ने पर नष्ट नहीं होंगे।


बलरापुर अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन करते डॉक्टर।

### लावारिस मरीज की हुई अस्थि सर्जरी

- **अमृत विचार, लखनऊ:** बलरामपुर चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग ने सड़क हादसे में घायल 50 वर्षीय मरीज के बाएं पैर (टिबिया) की इंटरलॉकिंग नेलिंग सर्जरी की। घायल को करीब दो सप्ताह पूर्व इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरूर अली की देखरेख में इलाज शुरू किया गया। बाद में मरीज की पहचान सआदतगंज निवासी मजदूर अशोक कुमार के रूप में हुई। जांच में बाएं पैर की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। डॉ. सुरूर के मुताबिक आर्थिक रूप से कमजोर मरीज के इलाज में इम्प्लांट का खर्च अस्पताल की रोगी कल्याण समिति ने वहन किया गया। ऑपरेशन टीम में डॉ. कौशल, एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. स्वीकृति का विशेष सहयोग रहा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि टीम के समर्पण और दक्षता से गंभीर मरीजों को समय पर प्रभावी उपचार मिल रहा है। निदेशक डॉ. कविता आर्या ने कहा कि निर्धन मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क उपचार अस्पताल की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सिटी डायरी


बैठक में मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते आनंद द्विवेदी।

### भाजपा के मंडल अध्यक्षों को सौंपी मतदाता सूची

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा महानगर कार्यालय में मंगलवार को संगठनात्मक गतिविधियों के तहत बैठक आयोजित की गई। इसमें महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मंडल अध्यक्षों को मतदाता सूची देकर आगामी चुनावों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि सभी मंडल अध्यक्षों से कहा कि कार्यकर्ताओं के जरिये घर-घर जाकर मतदाता सूची का मिलान करें। जिनके नाम सूची में शामिल नहीं हैं, उनकी अलग सूची तैयार करें, ताकि समय रहते नाम सूची में जोड़े जा सकें। ये भी सुनिश्चित करें कि तकनीकी या प्रशासनिक कारण से किसी का नाम हट तो नहीं गया है। ऐसे मामलों में प्रक्रिया पूरी कर नाम पुन: जुड़वाने के प्रयास करें। बैठक में महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता करते राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय।

### धर्मांतरण पीड़ितों ने मांगा न्याय

**अमृत विचार, लखनऊ:** विश्व हिंदू रक्षा परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें कई जिलों से आई धर्मांतरण पीड़िता की परिजन ने पीड़ा बयां की। संतकबीर नगर की महिला ने बताया कि पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। महिला ने प्रशासन से बेटी की सुरक्षित वापसी की मांग की। लखनऊ के गोमती नगर निवासी महिला ने पुत्री के धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोप लगाकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। झांसी के पीड़ित ने पड़ोसियों पर जान से मारने की धमकी देने और प्रयागराज से आए पीड़ित ने पुत्र की हत्या के मामले में न्याय की मांग की।


पत्रकारों से चर्चा करते अनुराग शुक्ला व अन्य।

### 19 को होगी महापंचायत

**अमृत विचार, लखनऊ:** हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा 19 अप्रैल को पटेल स्मारक पार्क हजरतगंज में महापंचायत करेगा। महापंचायत संयोजक अनुराग शुक्ला बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि महापंचायत अवध प्रांत के 14 जिलों में लव जिहाद के विरुद्ध अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें कथित रूप से सुनियोजित तरीके से युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनका शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास किए गए। उन्होंने इसे एक गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की।


मंदिर में मूर्तियों की स्थापना के पहले कलश यात्रा निकालते भक्त।

### मूर्तियों की स्थापना

**अमृत विचार, लखनऊ:** फैजुल्लागंज में बुधवार को श्री गौरी शंकर मंदिर की स्थापना की गई। सुबह 9 बजे महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कलश यात्रा के वापस मंदिर पहुंचने पर प्राण प्रतिष्ठा की गई। गौरी शंकर मंदिर में भोलेनाथ के साथ ही पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और हनुमान की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। पंकज दीक्षित, छवि दीक्षित, नूरी, ज्योति, अमित शुक्ला, संजीव जायसवाल मौजूद रहे।

जागरूकता

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

# नारी शक्ति के समर्थन में निकाली स्कूटी-बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की ओर से मंगलवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिलाओं और छात्राओं ने स्कूटी एवं बाइक रैली निकाली। इसकी शुरुआत 1090 चौराहा पर प्रदेश महिला अध्यक्ष गीता शाक्य और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की।

रैली में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं और छात्राओं ने केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों ने उम्मीद जताई कि यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को नई ऊंचाई देगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और युवाओं के लिए एक विशेष हस्ताक्षर दीवार भी बनाई गई, जहां लोगों ने हस्ताक्षर कर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। रैली 1090 चौराहे से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए विधानसभा पर समाप्त हुई।

महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सांसद गीता शाक्य ने कहा कि नारी शक्ति ने सदियों से घर और समाज को संवारने का कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जब बड़ी संख्या में महिलाएं सदन में पहुंचेंगी तो संसद और अधिक संवेदनशील एवं जनहितकारी बनेगी। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृशक्ति और आने वाली पीढ़ियों के सशक्तिकरण का मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने इसे समाज में बढ़ती जागरूकता और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का प्रतीक बताया, साथ ही कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, श्वेता सिंह, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, निष्ठा कटियार, शिवांजलि पांडेय भी मौजूद रहे।


रैली में गीता शाक्य, शामिल आनंद द्विवेदी और अन्य पदाधिकारी।


गोमतीनगर कठौता झील स्थित एलपीएस परिसर में दौड कर खुशी मनाते सबसे सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राएं ।


94 प्रतिशत अंक पाने वाली एलपीएस की छात्रा भूमिका मिश्रा अपनी मां के साथ ।


इंदिरानगर मुंशी पुलिया आर एल बी स्कूल में सीबीएसई कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर खुशी मनाते छात्र-छात्राएं ।

# एलपीएस की अन्वी व आरएलबी की अक्षरा बनीं टॉपर

## सीबीएसई 10वीं में दोनों ने हासिल किए 99 प्रतिशत अंक, 97.8 प्रतिशत के साथ दाक्षी दूसरे स्थान पर, 94.2 प्रतिशत के साथ पीयूष राज तीसरे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) 10वीं परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। इसमें एलपीएस साउथ सिटी ब्रांच की अन्वी द्विवेदी और रानी लक्ष्मी बाई सीतापुर रोड ब्रांच की अक्षरा पांडेय ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। एलपीएस साउथ सिटी की दाक्षी अग्रवाल ने 97.8 प्रतिशत और पीयूष राज ने 94.2 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। आरएलबी अदिति गुप्ता को 98.4 और डीपीएस इंदिरानगर की छात्रा स्थिति गुप्ता का 98.8 व अनिका चौधरी को 98.8 प्रतिशत अंक मिले हैं। इन मेधावियों को उनके स्कूल प्रबंधन और परिजन ने मिठाई खिलाकर बधाई दी

अपनी सफलता का श्रेय अन्वी और अक्षरा ने अपने माता-पिता और शिक्षकों के निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, समय-समय पर रिवीजन और सैंपल पेपर्स का अभ्यास उनकी सफलता की कुंजी रहा।


अन्वी द्विवेदी अपनी मां के साथ। अमृत विचार

अन्वी का सपना इंजीनियर बनने का है। जबकि अक्षरा और दाक्षी आगे चलकर विज्ञान के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। वह चाहती है कि आगे चलकर वैज्ञानिक बनकर नए-नए समाज उपयोगी अनुसंधान करें और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करें। ज्यादातर टॉपर्स की राय है कि परीक्षा के दौरान छात्रों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखनी चाहिए और इंटरनेट का उपयोग केवल आवश्यक जानकारी के लिए सीमित रूप में करना चाहिए। अन्वी के पिता मनोज कुमार द्विवेदी सरकारी अधिकारी हैं।


अक्षरा पाण्डेय को मिठाई खिलाते उनके माता-पिता । अमृत विचार

**91.63 प्रतिशत छात्र रहे उत्तीर्ण :** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल के परिणाम में लखनऊ रीजन का रिजल्ट 91.63 प्रतिशत रहा। पिछले वर्ष यह 91 प्रतिशत था। इस बार इसमें सुधार दर्ज किया गया है। लखनऊ में 41 परीक्षा केंद्रों पर करीब 20 हजार छात्रों ने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। जो 17 फरवरी से 11 मार्च के बीच आयोजित हुई थी।

### 2 लाख से अधिक छात्रों ने दी परीक्षा

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सचिन ठाकुर ने बताया कि लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय से जुड़े 30 जिलों में 10वीं और 12वीं की परीक्षा करीब 251 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। जिसमें दो लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे। लखनऊ में 41 केंद्रों पर 40 हजार से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी।

**परिणाम यहां देखें :** जिन उम्मीदवारों ने सीबीएसई 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी है, वह सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर सीबीएसई 10वीं रिजल्ट 2026 देख सकते हैं। CBSE 10वीं कक्षा के रिजल्ट results.cbse.nic.in, cbse.nic.in, cbseresults.nic.in, digilocker.gov.in और results.gov.in पर देखे जा सकते हैं।


दाक्षी अग्रवाल को उठाकर खुशी मनाती छात्राएं। अमृत विचार


अच्छा रिजल्ट आने के बाद सेल्फी लेतीं आर एल बी स्कूल की छात्राएं।

## सिटी ब्रीफ

### ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच अंश यादव के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत सीसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने कूह स्पोर्ट्स क्लब को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। बुधवार को सिंद्रा ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कूह स्पोर्ट्स क्लब की टीम 20 ओवरों में 138 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने 16.4 ओवरों में 3 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### हर्षवर्धन, दिवित, अरनय का शानदार प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) के स्व. रोहित चतुर्वेदी स्मृति अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए मुकाबलों में रॉयल्स, क्रूसेडर्स और चैलेंजर्स ने जीत दर्ज की। यश साहनी ग्राउंड पर रॉयल्स ने मास्टर्स को 8 विकेट से हराया। मास्टर्स ने 151 रन बनाए, जवाब में हर्षवर्धन पंत के नाबाद 79 रनों की बदौलत लक्ष्य 15.5 ओवर में हासिल कर लिया गया। ब्लेज विलो ग्राउंड पर क्रूसेडर्स ने हरिकेंस को 96 रन से हराया। कप्तान दिवित कपूर ने 79 गेंदों पर 127 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। वहीं एसएमआर ग्राउंड पर चैलेंजर्स ने टॉरनेडोस को 6 विकेट से हराया। अरनय पाल ने 4 विकेट लेने के साथ नाबाद 50 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### फिन स्विमिंग में अमर व अभिषेक दिखाएंगे दम

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के तैराक अमर अवस्थी और अभिषेक कुमार थाईलैंड में होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स स्पोर्ट्स फिन स्विमिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ी बुधवार को प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। यह चैंपियनशिप 17 से 19 अप्रैल तक श्रीराचा शहर में आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश अंडरवाटर स्पोर्ट्स और फिन स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह चौहान के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों का चयन उनके राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। दिसंबर 2025 में मंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अमर अवस्थी ने दो स्वर्ण पदक जीतने के साथ 50 मीटर एपनिया में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

# स्कूली वाहनों की जांच अटकी पोर्टल अपडेट में जुटे अफसर

- मियाद खत्म होने के बाद भी अधूरा ऑनबोर्डिंग, एक हफ्ते की और देरी
- बिना फिटनेस और परमिट वाले वाहन बढ़ा रहे खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में स्कूली वाहनों की सुरक्षा जांच का अभियान तय समय पर शुरू नहीं हो सका है। अधिकारियों की टीमें फिलहाल उत्तर प्रदेश एकीकृत स्कूल वाहन प्रबंधन पोर्टल (यूपीआईएसवीएमपी) पर वाहनों का डेटा अपडेट करने में जुटी हैं, जिससे जांच प्रक्रिया कम से कम एक हफ्ते और टल गई है।

15 दिन की निर्धारित समयसीमा बुधवार को पूरी हो गई, लेकिन पोर्टल पर स्कूली वाहनों का ऑनबोर्डिंग कार्य अब भी अधूरा है। आंकड़ों के अनुसार, कुल 1797 स्कूली वाहनों में से 1482 का विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है, जबकि 1078 वाहनों का निरीक्षण पूरा हुआ है। शेष वाहनों का डेटा अपलोड होने में अभी और समय लगेगा।

परिवहन विभाग के अनुसार, राजधानी में 4491 स्कूल हैं, जिनमें से 4277 को पोर्टल से जोड़ा जा चुका है। इनमें 316 ऐसे स्कूल हैं, जिनके पास अपने वाहन हैं और उन्हें भी ऑनबोर्ड कर लिया गया है, जबकि अनुबंधित वाहनों का पूरा डेटा अभी उपलब्ध नहीं हो सका है।

> पोर्टल पर कार्य पूरा होने के बाद ही वाहनों की चेकिंग अभियान शुरू किया जाएगा। साथ ही अब अगर वाहनों में किसी प्रकार की कमी पायी जायेगी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।
>
> -प्रभात पाण्डेय, प्रवर्तन लखनऊ

जांच अभियान पर असर

स्कूली वाहनों की जांच 15 अप्रैल से शुरू होनी थी, लेकिन प्रवर्तन टीमें पोर्टल अपडेट में लगी होने के कारण यह अभियान शुरू नहीं हो पाया। अधिकारियों का कहना है कि ऑनबोर्डिंग कार्य पूरा होते ही जांच अभियान शुरू किया जाएगा।

**बिना फिटनेस और परमिट वाले वाहन चिंता का कारण:** शहर में कई स्कूली वाहन बिना फिटनेस और परमिट के संचालित हो रहे हैं, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। मार्च के आंकड़ों के मुताबिक 126 वाहनों की फिटनेस और 49 वाहनों के परमिट समाप्त हो चुके हैं।

**तकनीकी और दस्तावेजी अड़चनें:** अधिकारियों को विशेष रूप से उन वाहनों का डेटा अपलोड करने में दिक्कत आ रही है, जिनके परमिट खत्म हो चुके हैं। ऐसे मामलों में पहले फिटनेस और परमिट का नवीनीकरण जरूरी है, तभी उन्हें पोर्टल पर अपडेट किया जा सकता है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को आवश्यक दस्तावेज जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी वाहनों को पोर्टल पर शामिल कर निरीक्षण प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

# लविवि वैज्ञानिकों ने विकसित की क्वांटम प्लाज्मा पर नई थ्योरी

- प्लाज्मा के भीतर जटिल क्रियाओं को प्रकृति स्वयं नियंत्रित करती है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग के शोधकर्ताओं ने 'क्वांटम प्लाज्मा' के जटिल व्यवहार को समझने के लिए नई थ्योरी विकसित की है। यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल न्यूक्लियर फिजिक्स बी में प्रकाशित हुआ है। प्रो. पुनीत कुमार के निर्देशन में शोधार्थी प्रभात सिंह ने 'प्लाज्मा थ्योरी एंड सिमुलेशन ग्रुप' में यह कार्य पूरा किया। शोध में 'पोडोल्स्की-मॉडिफाइड क्यूईडी' मॉडल के जरिए बताया गया है कि अत्यधिक ऊर्जा और घनत्व की स्थिति में प्लाज्मा के भीतर होने वाली जटिल क्रियाओं को प्रकृति स्वयं नियंत्रित करती है।

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने 'सॉलिटन्स' नामक विशेष ऊर्जा तरंगों की पहचान की, जो बिखरने के बजाय स्थिर पैकेट के रूप में आगे बढ़ती हैं। यह खोज प्लाज्मा के भीतर अव्यवस्था में व्यवस्था को दर्शाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह शोध भविष्य में फ्यूजन ऊर्जा को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है, जिससे सस्ती और प्रदूषण मुक्त बिजली उत्पादन का रास्ता आसान होगा। लेजर-प्लाज्मा तकनीक के जरिए कैंसर उपचार को और सटीक बनाया जा सकेगा, वहीं मेटामटेरियल्स के विकास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण छोटे, तेज और कम ऊर्जा खपत वाले बनेंगे।

ब्रह्मांड को समझने में भी मदद

यह शोध न्यूट्रॉन सितारों जैसे उच्च ऊर्जा वाले खगोलीय पिंडों को समझने में भी उपयोगी साबित होगा। प्रो. पुनीत कुमार ने बताया कि सॉलिटन्स बेहद स्थिर होती हैं और एक निश्चित पैटर्न बनाती हैं, जिससे प्लाज्मा के व्यवहार को समझना आसान होता है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय बल्कि देश के लिए भी गर्व का विषय है और भारत को वैश्विक वैज्ञानिक मंच पर नई पहचान दिलाने में सहायक होगी।

# एनबीआरआई में विज्ञान महोत्सव शुरू

- 200 शोधार्थी महोत्सव में ले रहे हैं हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सीएसआईआर-एनबीआरआई में मंगलवार से दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन पादप विज्ञान महोत्सव (एसपीएसएफ) 2026 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में अकादमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेशन रिसर्च, गाजियाबाद के निदेशक प्रो. मनोज कुमार धर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्थान के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि महोत्सव वर्ष 2018 से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल 1953 को राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान को सीएसआईआर की छठी राष्ट्रीय प्रयोगशाला के रूप में अपनाए जाने की स्मृति में इसका आयोजन हर वर्ष किया जाता है।

कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. पूनम सी सिंह ने बताया कि महोत्सव में मौखिक व पोस्टर प्रस्तुतियों के साथ प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, डिजिटल फोटोग्राफी और ट्रेजर हंट जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसमें करीब 200 शोधार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 19 मौखिक और 32 पोस्टर प्रस्तुतियां शामिल हैं।

मुख्य अतिथि प्रो. मनोज कुमार धर ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिज्ञासा और अनुसंधान ही सत्य की खोज के आधार हैं। उन्होंने शोधार्थियों को प्रयोगशालाओं से बाहर निकलकर समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

अपने मुख्य व्याख्यान में प्रो. धर ने केसर (क्रोकस सैटिवस) के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसकी खेती, जैविक गुण, उच्च लागत और औषधीय महत्व की विस्तार से जानकारी दी। महोत्सव का समापन 16 अप्रैल को होगा। समापन समारोह में भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**साझा किए अनुभव** 'स्पेस फेस्टिवल-2026' के अन्तर्गत हजारों छात्रों से किया संवाद

# शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा से प्रेरित हुए हजारों छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक बार फिर अपने स्कूल सिटी मोन्टेसरी स्कूल में पधारे और इंटरनेशनल डे ऑफ ह्यूमन स्पेस फ्लाइट के उपलक्ष्य में 'स्पेस फेस्टिवल-2026' के अन्तर्गत हजारों छात्रों से संवाद किया। इस अवसर पर शुभांशु शुक्ला को 'अशोक चक्र' अर्जित करने हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी 22 कैम्पसों के छात्रों से प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन संवाद करते हुए शुभांशु शुक्ला ने अपने स्कूली दिनों को याद किया। इसके उपरान्त शुभांशु शुक्ला ने अपनी हालिया अंतरिक्ष यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए पॉवर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से छात्रों को अंतरिक्ष यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में रहने के अनुभवों को विस्तार से बताया।



छात्रों से मुखातिब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला। अमृत विचार

इस अवसर पर शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष में जाना एक अद्भुद अनुभव है, जहां से पूरा पृथ्वी ग्रह ही अपने घर जैसा लगता है। इस अवसर पर छात्रों ने शुभांशु शुक्ला से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने शुभांशु शुक्ला समेत उपस्थिति सभी गणमान्य हस्तियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शुभांशु शुक्ला की असाधारण उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है, जो भावी पीढ़ी को वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में नवसृजन हेतु अवश्य ही प्रेरित करेगी।

### पैनल डिस्कशन का हुआ आयोजन

- इस अवसर पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, नेहा जैन, प्रमुख सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स, डॉ. अरुण मोहन शैरी, डायरेक्टर, आई.आई.आई.टी. एवं प्रो. नितिन सक्सेना, आई.आई.टी. कानपुर, डॉ. आसिफ सिद्दीकी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, इसरो टेलीमेट्री ट्रेनिंग एण्ड कमाण्ड नेटवर्क एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने अपने सारगर्भित विचार रखे।

# दयानंद व जनता इंटर कॉलेज बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के अंतिम दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज की।

बुधवार को मुकाबले केडी सिंह बाबू स्टेडियम और चौक स्टेडियम में आयोजित किए गए, जहां बॉक्सिंग और कबड्डी समेत कई खेलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। चौक स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के सीनियर महिला वर्ग में दयानंद कॉलेज (लखनऊ पूर्व) की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में जनता इंटर कॉलेज (कैंट) ने खिताब अपने नाम किया।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में बीबीडी विश्वविद्यालय (पूर्व) की टीम विजेता रही, जबकि जूनियर बालक वर्ग में सेंट जोसेफ स्कूल (सीतापुर रोड) ने शानदार खेल दिखाते हुए बाजी मारी। फुटबॉल की सीनियर महिला वर्ग प्रतियोगिता में जेएनपीजी कॉलेज ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित बॉक्सिंग स्पर्धा में सीनियर महिला वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 48 से 51 किग्रा वर्ग में शिवानी, 51 से 54 किग्रा में नूर आयशा, 54 से 57 किग्रा में प्रीति देवी, 57 से 60 किग्रा में रिया शुक्ला, 60 से 63 किग्रा में आराध्या वाजपेई और 66 से 70 किग्रा वर्ग में उपशिता अस्थी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।


बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दौरान मुकाबला करते प्रतिभागी। अमृत विचार

सांसद खेल महाकुंभ के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शहर भर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन कर खेल भावना को बढ़ावा दिया।